<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**02 जून** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दसवीं और बारहवीं के मेधावियों सहित उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित। कहा– प्रदेश में नकल विहीन ढंग से हो रही हैं परीक्षाएं।
- मुख्यमंत्री ने बिजनौर में पाकिस्तान से विस्थापित एक हजार 645 परिवारों, पूर्व सैनिकों और लीज धारकों को सौंपे भूमि स्वामित्व अधिकार प्रमाण पत्र। कहा– सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिये काम कर रही है सरकार।
- उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित। 32 हजार से अधिक पदों के लिये 8, 9 और 10 जून को दो पालियों में होगी परीक्षा।
- बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ग्रीन फील्ड इंडस्ट्रियल सिटी परियोजना को भारत सरकार से मिली पर्यावरणीय स्वीकृति। साढ़े पांच लाख से अधिक युवाओं को मिल सकेगा रोजगार।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को कल सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं और परीक्षाएं नकल विहीन ढंग से सम्पन्न हो रही हैं। श्री योगी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर प्रदेश में अनेक नवाचार किये गये हैं।

***प्रधानमंत्री जी ने देश के अंदर छात्र छात्राओं को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए अनेक अभियान प्रारंभ करवाए। अटल टिंकरिंग लैब भी उसी का एक उदाहरण है। डिजिटल लाइब्रेरी बन रही है। यह उसी क्रम का हिस्सा है। अनेक ऐसे कदम उठाए गए हैं जो छात्र छात्राओं को उन नवाचारों के साथ जुड़ने के लिए जो उसकी शिक्षा के लिए आवश्यक है, एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है। उस दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।***

मुख्यमंत्री ने कल बिजनौर जिले में पाकिस्तान से विस्थापित 1 हजार 645 परिवारों, पूर्व सैनिकों और लीज धारकों को भूमि स्वामित्व अधिकार प्रमाण पत्र भी सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश के विकास को गति मिली है और बिजनौर भी उस विकास से अछूता नहीं रहा हैं।

***बिजनौर के बारे में लोग सोचते भी नहीं थे यहां मेडिकल कालेज खुलेगा। आज तो बिजनौर में अपना मेडिकल कालेज हो गया और महात्मा विदुर के नाम पर हो गया। हाईवे बन रहे हैं। रेलवे की नई नई सुविधाएं विकसित हो रही हैं और अभी गंगा एक्सप्रेसवे को भी हम इधर से ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह विकास यही परिवर्तन लाएगा। हर एक तबके के लोगों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं।***

बिजनौर के बाद मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में विकास कार्यों और माता शाकंभरी देवी कॉरिडोर के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की।

**********

गोरखपुर और कुशीनगर में लोकार्पण तथा शिलान्यास के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल देर शाम गोरखपुर पहुंचे। वह आज कुशीनगर जिले के तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के हरिहरपुर में आयोजित समारोह में चार सौ चौबीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली दो सौ अठहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री योगी जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चेक भी वितरित करेंगे। इसके बाद मुख्मयंत्री कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण करेंगे।

मुख्यमंत्री आज शाम गोरखपुर में चिलुआताल घाट पर बीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से कराये गये चिलुआताल के पर्यटन विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कल गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बयालीस करोड़ पचास लाख रूपये की लागत से बने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लैक्स का लोकार्पण करेंगे।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा है कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते राज्य में अपराधों में काफी कमी आई है। स्थायी पुलिस महानिदेशक के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद कल मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और साइबर अपराधियों के प्रति कठोर कार्रवाई पुलिस विभाग की प्राथमिकता है।

***माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उनकी और शासन की प्राथमिकताओं के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार काम कर रही है, जिसमें अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस, महिलाओं की सुरक्षा, व्यापारियों की सुरक्षा, नागरिकों की सुरक्षा, साइबर***

***अपराधियों के प्रति कठोर कार्रवाई, कानून व्यवस्था लगातार अक्षुण्ण रहे, उसके लिए लगातार चलने वाली कार्रवाई। जितने भी मेले, पर्व त्योहार हैं उसमें एक शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाए इसके लिए लगातार सतत बन्दोबस्त की अरेंजमेंट। ये सभी प्राथमिकताएं हैं। जिन प्राथमिकताओं के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार कार्य करती रही है और आगे भी कार्य करती रहेगी।***

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून को विभिन्न जिलों में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रन्नोति बोर्ड के अपर सचिव, भर्ती, सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज ने बताया कि ये परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। करीब 32 हजार से अधिक पदों के लिये होने वाली इस भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

**********

उच्चतम न्यायालय ने नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को मौजूदा पेन और पेपर प्रारूप के स्थान पर कंप्यूटर–आधारित परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि कम्पयूटर आधारित पुनर्परीक्षा आयोजित करने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि परीक्षा रद्द होने के बाद से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही है।

**********

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण झांसी की ग्रीन फिल्ड इंडस्ट्रियल सिटी परियोजना को आधिकारिक रूप से पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। दो सौ तिरपन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में डेढ़ लाख करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली इस परियोजना के अन्तर्गत साढ़े पांच लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की सम्भावना है। ग्रीन फिल्ड इंडस्ट्रियल सिटी में मुख्य रूप से कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, रक्षा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग स्थापित किये जायेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांतों से प्रेरित भारत में पिछले बारह वर्ष में अभूतपूर्व बदलाव आया है। प्रस्तुत है किसान कल्याण की दिशा में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों पर एक रिपोर्ट–

***नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में, किसानों के कल्याण और उनकी आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जाते हैं और अब तक लगभग 9 करोड़ 50 लाख किसान परिवारों के खातों में 4 लाख 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से सिंचाई व्यवस्था मजबूत हुई है और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को मिट्टी की पोषक तत्वों की जानकारी दी जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के लिए, एक मजबूत सहारा बना है जिसके तहत किसानों को उनके उत्पादन लागत का डेढ़ गुना मूल्य मिल रहा है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में चार जून तक कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में प्रदेश के पूर्वी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग द्वारा आगामी दिनों में प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी धीरे–धीरे क्रमिक बढ़ोत्तरी का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

**********